**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 62**
**सोमवार, 25 नवम्बर, 2024/4 अग्रहायण, 1946 (शक)**

**युवाओं के लिए रोजगार**

**62. श्री यूसुफ पठान:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान अब तक देश में सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में सरकार द्वारा सृजित रोजगार का क्षेत्रवार और वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने वर्ष 2024-25 के दौरान देश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी क्षेत्रवार और राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(घ) वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही की तुलना में वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के दौरान रोजगार की संख्या में हुई वृद्धि/कमी का क्षेत्रवार और राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार युवाओं को पर्याप्त रोजगार उपलब्ध कराने में विफल रही है; और

(च) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और वर्ष 2024-25 के दौरान रोजगार सृजन के लिए सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए जाने हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (च): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से किए जा रहे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। इस सर्वेक्षण की अवधि, प्रति वर्ष जुलाई से जून तक होती है।

नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021-22 से 2023-24 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्र सहित रोजगार को दर्शाने वाले अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) निम्नानुसार हैः

(% में)

| **सर्वेक्षण वर्ष** | **डब्ल्यूपीआर** |
|---|---|
| **2021-22** | 52.9 |
| **2022-23** | 56.0 |
| **2023-24** | 58.2 |

स्रोत: पीएलएफएस

उपरोक्त तालिका के आंकड़े दर्शाते हैं कि देश में पिछले कुछ वर्षों में रोजगार को दर्शाने वाले कामगार जनसंख्या अनुपात में वृद्धि की प्रवृत्ति है।

वर्ष 2021-22 से वर्ष 2023-24 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) **अनुबंध-I** पर दिया गया है।

इसके साथ-साथ, वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट के अनुसार, 15-29 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए डब्ल्यूपीआर निम्नानुसार है:

(% में)

| सर्वेक्षण वर्ष | डब्ल्यूपीआर | | |
|---|---|---|---|
| | ग्रामीण | शहरी | ग्रामीण + शहरी |
| **2021-22** | 38.0 | 33.6 | 36.8 |
| **2022-23** | 42.3 | 34.3 | 40.1 |
| **2023-24** | 44.0 | 36.3 | 41.7 |

स्रोत: पीएलएफएस

उपरोक्त तालिका के आंकड़े दर्शातेहैं कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में युवा रोजगार में वृद्धि की प्रवृत्ति बढ़ रही है।

वर्ष 2021-22 से वर्ष 2023-24 के दौरान 15-29 वर्ष की आयु के व्यक्तियों के लिए डब्ल्यूपीआर का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण **अनुबंध-II** पर दिया गया है।

नवीनतम उपलब्ध त्रैमासिक पीएलएफएस रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई-सितंबर 2024 और जुलाई-सितंबर 2023 के दौरान 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए शहरी क्षेत्रों में वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) पर अनुमानित डब्ल्यूपीआर निम्नानुसार हैः

(% में)

| **सर्वेक्षण अवधि** | **डब्ल्यूपीआर** |
|---|---|
| क्यू2 (जुलाई-सितंबर) 2023-24 | 46.0 |
| क्यू2 (जुलाई-सितंबर) 2024-25 | 47.2 |

स्रोत: पीएलएफएस

उपरोक्त आंकड़े दर्शाते हैं कि रोजगार को दर्शाने वाले डब्ल्यूपीआर 2023-24 की दूसरी तिमाही की तुलना में 2024-25 की दूसरी तिमाही में बढ़ा है।

नियोजनीयता में सुधार करते हुए रोजगार का सृजन करना सरकार की प्राथमिकता रही है। तदनुसार, भारत सरकार ने देश भर में रोजगार सृजन करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों जैसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, वस्त्र मंत्रालय आदि अलग-अलग रोजगार सृजन योजनाएं/कार्यक्रम कार्यान्वित कर रहे हैं जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस), पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई), ग्रामीण स्वरोजगार और प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई), दीन दयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम), प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) आदि का ब्यौरा भारत सरकार द्वारा कार्यान्वयन किए जा रहे विभिन्न रोजगार सृजन योजनाओं/कार्यक्रमों का ब्यौर, **https://dge.gov.in/dge/schemes_programmes** पर देखा जा सकता है।

इसके अलावा, सरकार ने बजट 2024-25 में 2 लाख करोड़ रुपये के केंद्रीय परिव्यय के साथ 5 साल की अवधि में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल और अन्य अवसरों की सुविधा के लिए प्रधानमंत्री के पैकेज की घोषणा की।

*****

**अनुबंध I**

**लोक सभा के दिनांक 25.11.2024 के अतारांकित प्रश्न संख्या 62 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों हेतु कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा**

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार** | **कामगार जनसंख्या अनुपात (%)** | | |
|---|---|---|---|
| | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** |
| आंध्र प्रदेश | 57.8 | 58.6 | 57.8 |
| अरुणाचल प्रदेश | 47.1 | 64.9 | 68.5 |
| असम | 52.1 | 54.5 | 64.3 |
| बिहार | 39.3 | 47.0 | 51.6 |
| छत्तीसगढ | 64.9 | 70.1 | 69.7 |
| दिल्ली | 42.3 | 45.8 | 45.5 |
| गोवा | 41.6 | 45.1 | 47.4 |
| गुजरात | 56.8 | 61.5 | 63.9 |
| हरियाणा | 42.5 | 44.9 | 47.8 |
| हिमाचल प्रदेश | 71.2 | 73.8 | 70.3 |
| झारखंड | 60.7 | 60.9 | 63.0 |
| कर्नाटक | 53.0 | 55.6 | 55.2 |
| केरल | 48.8 | 50.5 | 52.2 |
| मध्य प्रदेश | 60.7 | 63.4 | 68.3 |
| महाराष्ट्र | 55.9 | 57.6 | 57.0 |
| मणिपुर | 40.6 | 48.7 | 56.0 |
| मेघालय | 60.5 | 65.8 | 72.1 |
| मिजोरम | 48.9 | 55.2 | 53.0 |
| नागालैंड | 58.4 | 69.4 | 68.1 |
| ओडिशा | 52.4 | 58.9 | 62.9 |
| पंजाब | 48.5 | 50.2 | 52.7 |
| राजस्थान | 54.7 | 58.8 | 61.7 |
| सिक्किम | 69.9 | 74.0 | 74.4 |
| तमिलनाडु | 55.8 | 54.7 | 56.8 |
| तेलंगाना | 58.1 | 57.7 | 59.2 |
| त्रिपुरा | 50.6 | 54.3 | 62.0 |
| उत्तराखंड | 48.7 | 53.5 | 58.1 |
| उत्तर प्रदेश | 50.1 | 53.9 | 55.1 |
| पश्चिम बंगाल | 52.7 | 56.1 | 59.6 |
| अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 59.2 | 60.0 | 58.0 |
| चंडीगढ़ | 42.2 | 45.6 | 50.9 |
| दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 65.8 | 65.0 | 67.8 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 58.3 | 60.7 | 60.4 |
| लद्दाख | 58.1 | 57.0 | 59.3 |
| लक्षद्वीप | 37.2 | 35.5 | 42.7 |
| पुडुचेरी | 51.2 | 49.6 | 50.0 |
| **अखिल भारत** | **52.9** | **56.0** | **58.2** |

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

**अनुबंध-II**

**लोक सभा के दिनांक 25.11.2024 के अतारांकित प्रश्न संख्या 62 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

15-29 **वर्ष की आयु के व्यक्तियों के लिए कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा**

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार** | **कामगार जनसंख्या अनुपात (%)** | | |
|---|---|---|---|
| | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** |
| आंध्र प्रदेश | 40.6 | 40.7 | 37.7 |
| अरुणाचल प्रदेश | 20.0 | 35.1 | 40.0 |
| असम | 37.6 | 44.6 | 44.0 |
| बिहार | 21.8 | 27.0 | 31.2 |
| छत्तीसगढ | 47.9 | 55.6 | 57.8 |
| दिल्ली | 34.1 | 33.2 | 33.3 |
| गोवा | 30.1 | 36.6 | 33.5 |
| गुजरात | 47.3 | 50.3 | 55.8 |
| हरियाणा | 28.7 | 30.8 | 34.6 |
| हिमाचल प्रदेश | 51.3 | 54.6 | 52.9 |
| झारखंड | 49.2 | 46.7 | 49.3 |
| कर्नाटक | 37.1 | 40.5 | 38.1 |
| केरल | 28.9 | 28.9 | 28.5 |
| मध्य प्रदेश | 44.7 | 49.8 | 56.6 |
| महाराष्ट्र | 38.0 | 39.6 | 40.1 |
| मणिपुर | 18.7 | 26.3 | 24.3 |
| मेघालय | 38.8 | 41.6 | 53.1 |
| मिजोरम | 25.0 | 25.1 | 22.5 |
| नागालैंड | 31.3 | 38.9 | 36.5 |
| ओडिशा | 36.3 | 42.2 | 46.3 |
| पंजाब | 37.0 | 39.2 | 37.8 |
| राजस्थान | 37.6 | 41.1 | 44.1 |
| सिक्किम | 50.2 | 47.2 | 52.6 |
| तमिलनाडु | 34.5 | 32.9 | 35.0 |
| तेलंगाना | 38.2 | 36.3 | 40.7 |
| त्रिपुरा | 34.2 | 36.4 | 43.9 |
| उत्तराखंड | 32.3 | 37.5 | 44.2 |
| उत्तर प्रदेश | 34.7 | 38.5 | 39.0 |
| पश्चिम बंगाल | 39.1 | 43.3 | 44.6 |
| अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 39.2 | 45.9 | 43.3 |
| चंडीगढ़ | 29.6 | 34.3 | 44.9 |
| दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 57.9 | 60.9 | 56.9 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 40.2 | 41.2 | 40.2 |
| लद्दाख | 29.1 | 25.0 | 31.0 |
| लक्षद्वीप | 19.4 | 21.0 | 31.4 |
| पुडुचेरी | 35.8 | 31.6 | 36.5 |
| **अखिल भारत** | **36.8** | **40.1** | **41.7** |

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई